जयपुर के चौंप में विश्व के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

5 फरवरी, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर के चौंप में विश्व के तीसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

प्रमुख बिंदु

- जयपुर का यह स्टेडियम अहमदाबाद के मोटेरा एवं ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के बाद विश्व का तीसरा और भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम होगा। इसकी दर्शक क्षमता 75 हज़ार होगी।
- इस स्टेडियम के निर्माण के लिये बीसीसीआई राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 100 करोड़ रुपए अनुदान देगी।
- यह स्टेडियम 5 साल में लगभग 650 करोड़ की लागत से दो चरणों में बनेगा। पहले चरण में 40 हज़ार दर्शक क्षमता और दूसरे चरण में 35 हज़ार दर्शकों की बैठक क्षमता को विकसित किया जाएगा।
- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बनवाए जा रहे इस अत्याधुनिक स्टेडियम में 11 क्रिकेट पिच, 2 प्रैक्टिस ग्राउंड, क्रिकेट अकादमी, हॉस्टल, जिम, रेस्टोरेंट के साथ ही कॉन्फ्रेंस हाल का निर्माण किया जाएगा।
- जयपुर में एसएमएस स्टेडियम, जोधपुर में बरकतुल्ला खाँ स्टेडियम, उदयपुर में बन रहे स्टेडियम तथा जयपुर के पास चौंप में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बनने से राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चार स्टेडियम होंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में 1931 में राजपूताना क्रिकेट संघ बना था। वर्तमान में प्रदेश के 33 ज़िलों में क्रिकेट संघ बने हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-foundation-stone-of-the-world-third-largest-cricket-stadium-was-laid-in-the-champs-of-jaipur